# कौशलम अभिमुखीकरण कार्यशाला 2026

समग्र शिक्षा के अंतर्गत जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पौड़ी द्वारा माह अक्टूबर 2025 के अंतिम सप्ताह से जनवरी 2026 तक तीन दिवसीय कौशलम अभिमुखीकरण कार्यशालाओं का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पौड़ी, राजकीय बालिका माध्यमिक विद्यालय कोटद्वार एवं डेफोडिल्स पब्लिक स्कूल,देवरामपुर, कोटद्वार में किया गया। उक्त कार्यशालाओं में पौड़ी जनपद के सभी 15 विकासखंड के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के कक्षा 9, 10,11 व 12 के 824 माध्यमिक शिक्षकों ने कौशलम पाठ्यचर्या के विभिन्न आयामों पर चर्चा परिचर्चा एवम् गतिविधियों के माध्यम से कौशलम कार्यक्रम के विषय में समझ विकसित की। कौशलम पाठ्यचर्या वर्तमान शैक्षिक सत्र में उत्तराखंड के प्रत्येक हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट विद्यालयों में कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों के लिए अंदर उद्यमशील मानसिकता एवं 21 वीं सदी के कौशल विकसित करने हेतु लागू की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य उत्तराखंड में पलायन को रोकना, छात्रों में स्वरोजगार की भावना को प्रोत्साहित करना, जोखिम लेने की क्षमता को बढ़ाना एवम् उद्यमशील मानसिकता को विकसित करना है । उक्त कार्यशालाओं में वर्तमान परिस्थितियों में 21वीं सदी के कौशलों एवं उद्यमशील मानसिकता की आवश्यकता विषय पर विभिन्न उदाहरण सहित चर्चा की गई तथा कक्षा 9 से कक्षा 12 में लागू की गयी कौशलम पाठ्यचर्या पुस्तिका एवं अभ्यास पुस्तिका के विद्यालयों में छात्रों के साथ अनुप्रयोग करने के तरीकों का अभ्यास किया। कार्यशालाओं का आयोजन प्राचार्य डायट स्वराज सिंहतोमर के निर्देशन में मुख्य संदर्भ दाता अनुजा मैठाणी, डॉ0शिव कुमार भारद्वाज, उद्यम लर्निंग फाउंडेशन की जिला समन्वयक सुनीता राणा द्वारा विभिन्न विकासखंडो के प्रशिक्षित संदर्भदाताओं के सहयोग से किया गया।




